मॉडर्न फूड इंडस्ट्री के खिलाफ केन्द्रीय जांच ब्यूरो की जांच

1134. **श्री नरेश यादव** : क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मार्डन फूड इंडस्ट्री की कोई जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा की गई थी और यदि हां, तो इस तरह की जांच-पड़ताल का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में पता लगाये गये घोटाले में कितनी धनराशि अन्तर्ग्रस्त थी ;

(ख) क्या उक्त प्रतिवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है ; और

(ग) यदि हां, तो उस पर कोई कार्यवाही न करने के क्या कारण हैं और इस घोटाले में अन्तर्ग्रस्त दोषी अधिकारियों के नाम और पते क्या-क्या हैं ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) से (ग) केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने एक मामला दर्ज किया था और जांच करने के बाद कमनी के एक अधिकारी द्वारा 5000 रु० रिश्वत लेने के अभियोग की विभागीय जांच शुरू करने की सिफारिश की थी। मामले में अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

मॉडर्न फूड इंडस्ट्री का उत्पादन

1135. **श्री नरेश यादव** : क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मॉडर्न फूड इंडस्ट्रीब्रेड, शीतल पेय और अन्य खाद्य सामग्रियां बनाती हैं ;

(ख) यदि हां, तो देश में किन-किन स्थानोंपर इनके कारखाने लगे हुये हैं, इनमें किस-किस प्रकार के उत्पादों को तैयार किया जाता है और इन कारखानों की संख्या कितनी है ;

(ग) उनकी क्षमता कितनी है और पिछले तीन वर्षों के दौरान हुये उत्पादन का ब्यौरा क्या है;

(घ) कम उत्पादन और कारखाना बन्द रहने के क्या कारण हैं ; और

(ङ) क्या सरकार संसदीय समिति से अथवा केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा इसकी जांच-पड़ताल करायेगी, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) मॉडर्न फूड इंडस्ट्रीज (इं०) लि०, ब्रेड, बन, केक, उर्जा खाद्य, एक्सट्रूडिड फूड और फल रस बनाती है।

(ख) ब्यौरे कृपया विवरण I पर देखें **(नीचे देखिए)**

(ग) ब्यौरे कृपया विवरण–II और III पर देखें **(नीचे देखिए)** ।

(घ) जहां तक कंपनी के बेकरी कार्यों का संबंध है बाजार में अधिक प्रतियोगिता और सरकारी एजेंसियों द्वारा कम मांग किए जाने के कारण कुछ यूनिटों में कम उत्पादन हुआ है। पिछले तीन सालों के दौरान कंपनी की किसी भी यूनिट में तालाबंदी नहीं हुई । कंपनी ने अपनी उज्जैन यूनिट को कम उत्पादन, जरूरत से अधिक कर्मचारियों, श्रमिक समस्याओं, संयंत्रको कम और गैर किफायती क्षमता तथा संयंत्र और मशीनरी के अप्रचालित होने के कारण 1–4–94 से बन्द क दिया । पिछले तीन वर्षों के दौरान गै किफायती व्यवहार्यता और श्रमिक समस्याओं के कारण भागलपुर स्थित फल गूदा यूनिट में कोई उत्पादन नहीं हुआ यूनिट में 5–6–90 से 17–10–93 तक

तालाबंदी रही । लेकिन नवम्बर, 1993 से कंपनी ने यूनिट के कार्यकलापों में परिवर्तन करके वहां उर्जा खाद्य का उत्पादन शुरू करवा दिया है। फल रस की कम मांग के कारण दिल्ली स्थित फल रस बाटलिंग संयंत्र में उत्पादन कम हुआ। कंपनी ने इस यूनिट के कार्यकलापों में भी परिवर्तन करके वहां उर्जा खाद्य का उत्पादन शुरू करवा दिया है ।

(ङ) सरकार की संसदीय समिति अथवा केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच-पड़ताल करवाने का प्रस्ताव नहीं है। कंपनी के कार्यकलापों में विविधता लाने और लगातार समीक्षा के फलस्वरूप 1992-93 में इसके कार्यों में बदलाव आया है। कंपनी अब लाभ कमा रही है।

विवरण-I

मॉडर्न फूड इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड

मुख्यालय

यूनिटों के राज्यवार ब्यौरे :

	यूनिट का नाम	राज्य का नाम	उत्पादन की किस्म	फैक्ट्रियों की सं०
1.	अहमदाबाद	गुजरात	ब्रेड और बन	1
2.	बंगलौर	कर्नाटक	ब्रेड, बन और केक	1
3.	बम्बई	महाराष्ट्र	ब्रेड और बन	1
4.	कलकत्ता	पश्चिम बंगाल	ब्रेड और केक	1
5.	चण्डीगढ़	पंजाब	ब्रेड	1
6.	कोचीन	केरल	ब्रेड, बन और केक	1
7.	दिल्ली	दिल्ली	ब्रेड और बन	2
8.	हैदराबाद	आन्ध्र प्रदेश	ब्रेड	1
9.	इन्दौर	मध्य प्रदेश	ब्रेड	1
10.	जयपुर	राजस्थान	ब्रेड	1
11.	कानपुर	उत्तर प्रदेश	ब्रेड और बन	
12.	मद्रास	तमिलनाडु	ब्रेड, बन और केक	1
13.	रांची	बिहार	ब्रेड और बन	1
	गैर-ब्रेड यूनिटें :			
1.	फल प्रसंस्करण यूनिट	बिहार	उर्जा खाद्य	1
*2.	तेल मिल, उज्जैन	मध्य प्रदेश	खाद्य तेल	1
3.	फल रस बाटलिंग प्लांट	दिल्ली		
4.	रोलर फ्लोर मिल, फरीदाबाद	हरियाणा	फल रस उर्जा खाद्य	1 1
5.	एक्सट्रूडिड फूड, जयपुर	राजस्थान	एक्सट्रूडिड फूड	1

*फैक्टरी बंद कर दी गई है ।

विवरण–II

माडर्न फूड इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड

नई दिल्ली

1991–92 से 1993–94 के दौरान स्थापित क्षमता को दर्शाने वाला विवरण

(लाख रु० में)

यूनिटों का नाम		स्थापित क्षमता		
		1991–92	1992–93	1993–94
ब्रेड यूनिट				
1. अहमदाबाद		122.76	122.76	122.76
2. बंगलौर		117.96	117.96	117.96
3. बम्बई		245.52	245.52	245.52
4. कलकत्ता		245.52	245.52	245.52
5. चंडीगढ़		122.76	122.76	122.76
6. कोचीन		286.44	286.44	286.44
7. दिल्ली–1		491.04	491.04	491.04
8. दिल्ली–2		--	122.76	245.52
9. हैदराबाद		117.96	117.96	117.96
10. इंदौर		122.76	122.76	122.76
11. जयपुर		122.76	122.76	122.76
12. कानपुर		117.96	117.96	117.96
13. मद्रास		204.60	204.60	204.60
14. रांची		122.76	122.76	122.76
ब्रेड इतर यूनिट				
15. एक्सट्रूडिड फूड (जयपुर)	मी० टन में	1500	1500	1500
16. एकीकृत तेल संयंत्र (उज्जैन)	मी० टन (प्रतिदिन)			
1. एक्सपैलर	–वही–	100	100	100
2. सोल्वेंट प्लांट	–वही–	100/60	100/60	100/60
3. तेल शोधक	–वही–	25	20	20
17. एफ० जे० बी० पी० (दिल्ली)				
1. बोतल बन्द (लाख/48 ली० में)	(मी० टन प्रति दिन)	38.40	38.40	38.40
2. उर्जा खाद्य	(मी० टन प्रतिदिन)			6.20(×)
18. रोलर फ्लोर मिल, फरीदाबाद				
1. उर्जा खाद्य	(मी० टन प्रतिदिन)	60	60	60
19. भागलपुर, बिहार				
1. फल गूदा	(मी० टन प्रतिदिन)	2 टन/घंटा	2 टन/घंटा	2 टन/घंटा
2. उर्जा खाद्य		शून्य	शून्य	शून्य

*फरवरी, 1994 से स्थापित क्षमता

**नवम्बर, 1993 से स्थापित क्षमता

विवरण-III

मार्डन फूड इंडस्ट्रीज (इं०) लि०, नई दिल्ली

1991-92 से 1993-94 के दौरान उत्पादन दर्शाने वाला विवरण

यूनिट का नाम		1991-92	1992-93	1993-94
ब्रेड यूनिट (एस० एल० लाख में)				
1. अहमदाबाद		57.90	43.71	48.68
2. बंगलौर		65.98	67.68	80.31
3. बम्बई		186.88	182.25	192.93
4. कलकत्ता		130.63	120.88	106.75
5. चंडीगढ़		83.96	77.20	58.88
6. कोचीन		288.21	281.65	287.74
7. दिल्ली-1		758.66	707.28	487.97
8. दिल्ली-2		—	36.29	95.50
9. हैदराबाद		44.16	45.20	48.62
10. इंदौर		211.48	139.71	104.43
11. जयपुर		52.99	48.17	37.33
12. कानपुर		34.67	25.31	33.05
13. मद्रास		189.29	183.96	190.49
14. रांची		36.22	29.42	25.68
ब्रेड इतर यूनिट				
15. एफ० जे० बी० पी० (दिल्ली)				
1. रसिका फल रस लाख में 24 बोतलों का क्रेट 200 मी० ली० की		2.35	1.52	1.19 431
2. उर्जा खाद्य	मी० टन में	—	—	12.47
3. केयर फूड	-वही-			
16. फूड प्रोसेसिंग यूनिट (भागलपुर)	मी० टन में			
1. फलगूदा	-वही-	—	—	—
2. उर्जा खाद्य	-वही-	—	—	594.62
17. तेल संयंत्र (उज्जैन)	मी० टन			
1. सोल्वेंट	-वही-	4504	—	—
2. तेल शोधक प्लांट	-वही-	283	—	—
18. रोलर फलोर आटा मिल (फरीदाबाद)				
क. मदा	मी० टन	282	—	—
ख. आटा	-वही-	91	—	—
ग. भूसी	-वही-	89	—	—
2. उर्जा खाद्य	-वही-	569	7700	9937
9. एक्सट्रूडिड खाद्य संयंत्र जयपुर	मी० टन में	1178.41	1321.48	1437.03